तारा और टायरी
निडर दोस्त

एक सच्ची कहानी

एंड्रयू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेयर

तारा और टायरी निडर दोस्त

एक सच्ची कहानी

एंड्र्यू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेयर

बचपन में जब जिम कनाडा में रहता था,
तब उसके परिवार के पास कई कुत्ते थे.

जिम उन कुत्तों से प्यार करता था.
कुत्ते उसके परिवार का एक हिस्सा थे.

बड़ा होने पर भी जिम कुत्तों से प्यार करता था. जिम ने कुत्तों को प्रशिक्षित करना सीखा. उसने कुत्तों को ट्रेनिंग दी और बेहतर बनने में उनकी मदद की.

जिम हमेशा कहता था, "बुरे कुत्ते जैसी कोई चीज नहीं होती है." फिर कुत्तों को प्रशिक्षित करना जिम का पेशा बन गया.

जिम के पास तारा और टायरी
नाम के दो कुत्ते थे.

तारा ज़्यादातर काली थी. टायरी सुनहरे
रंग की थी. जिम उन दोनों से प्यार
करता था, और कुत्ते भी उससे बहुत
प्यार करते थे. जिम और उसके कुत्तों
को सर्दी का मौसम बहुत पसंद था.

गर्म रखने के लिए कुत्तों के पास अच्छे झबरीले कोट थे. वे बर्फ में खेलते थे. वे लंबी सैर के लिए जाते थे.

उन्हें बाहर जाना पसंद था, लेकिन उन्हें घर वापस आना भी पसंद था. उन्हें आग के पास बैठकर हवा की सायं-सायं सुनना पसंद थी.

जिम का घर एक झील के किनारे था.
सर्दियों में झील पर बर्फ जम जाती थी.

एक दिन जिम सैर के लिए झील पर गया.
तारा और टायरी भी उसके साथ गए.
कुत्तों को बर्फ पर दौड़ना बहुत पसंद था.

सर्दियों की तेज़ ठंड थी.

जिम घर वापस जाने के लिए तैयार था.

फिर अचानक से बर्फ टूट गई.

जिम ठंडे, ठंडे पानी में गिर पड़ा.

लेकिन तारा और टायरी ने जिम की आवाज़ सुनी और वे दौड़ते हुए आए.

जिम चाहता था कि कुत्ते उससे दूर रहें.

उसे कुत्तों के डूबने का डर था.

जिम ने मदद के लिए पुकारा.
लेकिन कोई भी आसपास नहीं था.
किसी ने उसकी आवाज़ नहीं सुनी.

लेकिन टायरी, जिम से प्यार करती थी.
वो जिम की मदद करना चाहती थी.

जब टायरी छेद के पास गई तो बर्फ
फिर से टूट गई. फिर टायरी भी,
जिम के साथ पानी में गिर गई.

बर्फीला पानी बेहद ठंडा था. जिम को पता
था कि उसके पास ज्यादा समय नहीं था.

जिम ने टायरी को बाहर निकालने की
कोशिश की. लेकिन बर्फ लगातार टूटती गई.

जिम को उम्मीद थी कि वहाँ से तारा भाग जाएगी. जिम नहीं चाहता था कि वो भी पानी में गिरे. लेकिन तारा भागी नहीं. वो भी मदद करना चाहती थी.

पहले तारा नीचे बर्फ पर बैठी.
फिर वो थोड़ा-थोड़ा करके
जिम के करीब सरकी.
उससे बर्फ टूटी नहीं.

जिम, तारा का कॉलर पकड़े रहा.

तारा ने पीछे खींचने की कोशिश की,
लेकिन जिम बहुत बड़ा और भारी था.

जिम अभी भी ठंडे पानी में था.

जिम ने अपना हाथ बाहर निकाला.
तारा बहुत करीब आई. फिर जिम
ने तारा का कॉलर पकड़ लिया.

फिर टायरी ने एक बहुत ही चतुराई का काम किया.

वह जिम की पीठ पर चढ़कर - पानी से बाहर निकल गई!

टायरी को ठंड लग रही थी, लेकिन अब वो सुरक्षित थी! क्या वो वहां से भाग गई? नहीं, वो जिम से इतना प्यार करती थी कि वो वहां से बिल्कुल नहीं भागी.

टायरी भी तारा की तरह ही पेट के बल लेटी.

वो भी जिम के करीब आई. जिम ने अपना दूसरा हाथ बढ़ाया. और फिर उसने टायरी का कॉलर भी पकड़ लिया!

दोनों कुत्तों ने बड़ी मुश्किल से पीछे की ओर खींचा. वे फिसले, लेकिन वे रुके नहीं.

धीरे-धीरे दोनों कुत्तों ने जिम को बर्फ पर ऊपर खींच लिया. अब जिम सुरक्षित था.

तारा और टायरी ने उस दिन जिम की जान बचाई थी!

जल्द ही वे सभी घर वापस आ गए.

वे गर्म होने तक आग के अलाव के पास ही बैठे रहे.

जिम हमेशा कहा करता था:
"बुरे कुत्ते जैसी कोई चीज नहीं होती है."

पर अब जिम ने उसमें कुछ और जोड़ दिया:

"बहादुर और अद्भुत कुत्तों जैसी और कोई
चीज नहीं होती है!"

जिम को इस बात का पक्का यकीन है, क्योंकि
उसके पास वैसे दो कुत्ते हैं - तारा और टायरी.

अंत